श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
23.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 238

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:28 बजे
अस्त - 06:20 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 41 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
देशी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार >> पेज 03 | भाजमो उम्मीदवार धनबाद से लड़ेगा चुनाव >> पेज 04

### सुविचार
जिंदगी में जो लोग खुद का सम्मान करना जानते हैं, वही लोग दूसरों का मान पा सकते हैं।

### न्यूज अपडेट्स

## पूर्णिमा महतो व चामी मुर्मू पद्मश्री से सम्मानित

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में झारखंड की दो बेटियों जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और सरायकेला की चामी मुर्मू को पद्मश्री से सम्मानित किया है। पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं। प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं। चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है। वे 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं। महतो का जन्म 15 अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ। उनकी तीरंदाजी यात्रा टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी। उस समय उनके पास घर में बना तीर-धनुष था।

## हेमंत सोरेन की जमानत पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है।

### अर्जुन मुंडा, कालीचरण मुंडा व जोबा मांझी का नामांकन आज

# राजनाथ सिंह आज खूंटी में




## छह विधानसभा क्षेत्रों के 15 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के अलावा कई विधायक और और भाजपा नेता मौजूद रहेंगे। बताया गया कि अर्जुन मुंडा पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुबह दस बजे सोनमेर माता मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि नामांकन के पश्चात स्थानीय पतरा मैदान में एक जनसभा का आयोजन अपराह्न एक बजे से किया जायेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनसभा में छह विधानसभा क्षेत्रों के 15 हजार से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## सिंहभूम सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी आज दाखिल करेंगी नामांकन पत्र



**रांची।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जोबा माझी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने सोमवार को सिंबल प्रदान किया। जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे। नामांकन से पूर्व चाईबासा के खुटकट्टी मैदान में जनसभा आयोजित किया गया है, जिसे स्टार प्रचारकों के अलावा कोल्हान से पार्टी के विधायक, मंत्री समेत गठबंधन दलों के नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में झामुमो समेत गठबंधन दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के भाग लेने की संभावना है। प्रत्याशी जोबा माझी चक्रधरपुर स्थित आवास में दिवंगत पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए रवाना होंगी।

## कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के नामांकन में मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद



**खूंटी।** खूंटी(सु) सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगलवार को अपराह्न दो बजे नामांकन पत्र दखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्य के मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कांग्रेस कें प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलमा अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की, तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कांगाड़ी, सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस और झामुमो के कई नेता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की ने सोमवार को कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुनीता गोप सहित कई नेता मौजूद थे। बंधु तिर्की ने बताया कि नामांकन के पूर्व दोपहर साढ़े बारह बजे कॉओपरेटिव मैदान में जनसभा होगी, जिसमें इंडी गठबंधन के 15 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश और संविधान बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का हाल के दिनों में अपमान किया गया, मणिपुर की घटना हो या छत्तीसगढ़ हर जगह आदिवासियों को अपमानित किया जा रहा है। लोकसभा प्रभारी ने कांग्रेस की पांच गारंटी की जानकारी देते हुए कहा युवा न्याया के तहत हर साल शिक्षित युवा कों एक लाख रुपये नकद, किसानों की कर्ज माफी, न्यूनतम समर्थन मूल्य, न्यूनतम मजदूरी चार सौ रु सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गणना कराई जायेगी

## युवक ने पिता समेत तीन को काट डाला



**लातेहार।** जिले के गारू थाना क्षेत्र के डबरी में एक सिरफिरे युवक रंजन उरांव ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कुल्हाड़ी से मारकर कर दी। घटना रविवार रात की है। मृतकों में आरोपित का पिता सूरज उरांव (65) भाभी अनुपमा देवी (35) तथा एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी (32) शामिल है। आरोपित रंजन उरांव ने अपने चचेरे भाई अमलेश उरांव और अपनी पत्नी हीरामणि देवी को भी कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया है। आरोपित रंजन उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर आया था। किसी बात को लेकर अपने पिता से विवाद हो गया तो सबसे पहले उसने कुल्हाड़ी से अपने पिता की हत्या कर दी। इसके बाद रंजन ने अपने चचेरी भाभी अनुपमा देवी और एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी को भी कुल्हाड़ी से काट डाला। आरोपित ने अनुपमा देवी का तो सर ही धड़ से अलग कर दिया, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं आरोपित ने अपना चचेरे भाई और पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया। लेकिन दोनों किसी प्रकार बच गए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। सोमवार को पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतकों को के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। डबरी गांव काफी सुदूरवर्ती गांव है। यहां मोबाइल का नेटवर्क भी काम नहीं करता है। इस कारण घटना की जानकारी घटना की जानकारी रात में लोगों को नहीं हो सकी थी। सोमवार को जब घटना की जानकारी लोगों को हुई तो पूरे गांव में कोहराम मच गया।

## रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने करायी प्राथमिकी

**रांची।** राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02:30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग घुस गए और आईएनडीआईए का विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## रिम्स में भर्ती पलामू का कैदी हुआ फरार

**रांची।** रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला। आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव और जीतलाल महतो ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपित भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा। इस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया है। श्याम किशोर चौधरी को ऑपरेशन के बाद कैदी वार्ड से 16 अप्रैल को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से ही सर्जरी वार्ड में ही उसका इलाज चल रहा था।

### गोड्डा संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव ने कहा

# जीता तो सेवा, वरना राजनीति से संन्यास




**रांची।** राज्य की हॉट सीट बन चुकी गोड्डा में काफी राजनीतिक हलचल देखने को मिल रही है। इस लोकसभा सीट से दीपिका पांडे सिंह को कांग्रेस की तरफ से टिकट दिया गया था लेकिन कुछ ही दिनों में कांग्रेस ने उम्मीदवार बदल दिया। अब इस सीट से पांचवी बार प्रदीप यादव मैदान में हैं। पिछले चारों चुनाव वो हार चुके हैं। हालांकि कांग्रेस की तरफ से वो इस बार पहली बार चुनाव लड़ेंगे। प्रदीप यादव को टिकट मिलने के बाद तीन बार के भाजपा के गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे से मुकाबला है। एक एक ओर निशिकांत दुबे ने चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है वहीं प्रदीप यादव की ओर से भी करारा जवाब मिला है। निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है। गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है। अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ूंगा। प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाउंगा। प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ता से कहा कि फालतू बातों पर ध्याम नहीं दीजिए। उन्होंने कहा कि निशिकान्त दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है। हम सभी घटक दल को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है। प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है। हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है कि करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान अंसारी से मिलने वाले हैं। बाकी घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस का एसी हुआ फेल



**रामगढ़।** भीषण गर्मी में शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी का एसी फेल हो गया। बोगी में बैठे यात्रियों की हालत खराब हो गई। यह ट्रेन बरकाकाना जंक्शन पर पहुंची तो यात्री बोगी से उतरकर बाहर निकल गए। वहां अफरा-तफरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ लोग रेलवे कर्मचारियों को कोस रहे थे तो कुछ लोग टेक्नीशियन की हरकतों से परेशान दिखे। यात्रियों ने @रेलमदद पर ट्वीट भी किया। रविवार दोपहर 01:10 बजे शक्तिपुंज एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा से जबलपुर के लिए रवाना हुई। इस दौरान एसी कोच बी-3 के एसी काम नहीं कर रहा था। पहले तो लेकर टीटीई से शिकायत की गई। कोई हल नहीं निकला तो यात्री दीपायन मुखर्जी ने @ रेलमदद को ट्वीट करते हुए शिकायत दर्ज कराई। 'रेलवेसेवा' ने त्वरित संज्ञान लिया। रेफरेंस नंबर 2024042109772 के तहत शिकायत पर संबंधित अधिकारियों और विभागों को निर्देशित किया गया। ट्रेन शाम 08:55 बजे बजे बरकाकाना पहुंची, जहां कोच के यात्री काफी परेशान दिखे। हावड़ा से बरकाकाना पहुंचे दीपायन मुखर्जी ने कहा कि सफर के दौरान टेक्नीशियन की टीम ने एसी ठीक करने का प्रयास किया लेकिन गड़बड़ी ठीक नहीं हो सकी। हावड़ा से गढ़वा जा रहे कृष्णा प्रसाद ने कहा कि ट्रेन परिचालन से पूर्व तकनीकी खराबियों को दूर कर लेना चाहिए था, जिससे सवारियों को परेशानी उठानी न पड़े।

# जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिये जरूरी है पौधरोपण : संस्थान प्रमुख



## रेहला कन्या हाईस्कूल में छात्राओं को किया गया जागरूक

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** पृथ्वी दिवस पर रेहला ग्रासिम इंडस्ट्री लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर से कन्या प्लस टू हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जिस तरह से पूरे क्षेत्र में अनियंत्रित आधुनिकरण का कार्य हो रहा हैं। उसमें प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है। धरती पर वृक्षों की संख्या दिन ब दिन कम होती जा रही है। धरती का तापमान लगातार बढ़ता चला जा रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। मौसम का चक्र बदल रहा है। पर्याप्त बारिश नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि अगर लोग समय रहते सचेत नहीं हुये तो इसके दुष्परिणाम भुगतने के लिये हमलोगों को तैयार रहना होगा। हमारे आने वाली पीढ़ी को भी इसकी खामियाजा भुगतनी पड़ेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधा लगाने व उसे बचाने की अपील की। ताकि पर्यावरण व धरती को सुरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम में छात्राओं के अलावा ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के अनिल गिरि, प्राचार्य बृजनंदन तिवारी, सचिव चंचल शुक्ल, अध्यक्ष अशोक पटेल सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक नरेंद्र चौबे ने किया।

### न्यूज अपडेट्स

## 500 मंदिरों में होगा हनुमान चालीसा पाठ

**मेदिनीनगर :** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के तत्वाधान में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इसे लेकर आयोजित बैठक में कहा गया कि पलामू जिले के लगभग 500 मंदिरों में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। विश्व के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि मेदिनीनगर नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 51 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा और हनुमान जी की आरती आयोजित करने की योजना बनी है। इसके अलावा सभी प्रखंडों में कम से कम 31 मंदिरों में इस कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से आयोजित किये जाने की योजना है। बैठक में विहिप विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, राहुल मिश्र आदि उपस्थित थे।

**आम चुनाव** सामूहिक प्रयास से ही गठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी : संजय

# इंडि गठबंधन की संयुक्त बैठक में प्रत्याशी को जीताने का संकल्प

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** इंडिया गठबंधन के घटक दलों की संयुक्त बैठक राजमहल मैरेज हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव व संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। बैठक में पलामू संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां को लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल गठबंधन के राजद, कांग्रेस, झामुमो, भाकपा माले, आम आदमी पार्टी, वीआईपी पार्टी के प्रदेश, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में घटक दल के नेताओं ने चुनाव को आवश्यक सुझाव देते हुये रणनीति तैयार किया। चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को परास्त करने के लिये घटक दलों के नेताओं ने आपसी समन्वय स्थापित कर मजबूती के साथ चुनावी गतिविधियां संचालित करने का सुझाव दिया। राजद प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं और कार्यकताओं को एकजुट होकर चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी। प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि गठबंधन दलों के नेताओं एवं कार्यकताओं की बदौलत ही वह चुनाव मैदान में उतरी हैं। सभी के सहयोग और समर्थन से ही चुनाव में जीत हासिल होगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि चुनावी माहौल गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष है। पलामू संसदीय क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की सांगठनिक स्थिति सशक्त है। ऐसी स्थिति में मिलकर काम से चुनाव जीत हासिल होगी। झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी माहौल तैयार है, जरूरत है रणनीति के तहत काम करने की। राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल को गठबंधन प्रत्याशी का नामांकन होना है। सभी घटक दलों के नेताओं एवं कार्यकताओं को अधिकाधिक संख्या में शामिल होना है। बैठक में कांग्रेस के दीनानाथ तिवारी, विजय चौबे, संतोष चौबे, ओमप्रकाश अमन, पूर्णिमा पांडेय, इंदु भगत, अब्दुला अंसारी, राजद के रामदेव प्रसाद यादव, रामनाथ चंद्रवंशी, सैय्यद शमी अहमद, नरेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, विजय राम, विश्वनाथ राम, राजेश रौशन, मीरा देवी, राजू राम, रुना देवी, सूरज सिंह, झामुमो के सुनील तिवारी, संनू सिद्दीकी, रंजीत जायसवाल, भाकपा माले के प्रदीप विश्वकर्मा, रामराज पासवान, वीआईपी नेता प्रो जगन्नाथ सिंह, मंदीप चौधरी सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किया।

## इंडि गठबंधन में आप का नामोनिशान नहीं, कार्यकारी जिलाध्यक्ष निकले

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** आम आदमी पार्टी राजनीतिक दलों में नयी जरूर है, लेकिन जनाधार में देश भर में किसी भी दल से कमजोर नहीं है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली व पंजाब में दो जगह हमारी बहुमत की सरकार है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के साथियों को गठबंधन की मयार्दा भूलनी नहीं चाहिये। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कही। मेदिनीनगर के दो नंबर टाउन स्थित राजमहल मैरिज हॉल में इंडिया गठबंधन की बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकलने के बाद कहा कि पलामू में भी आम आदमी पार्टी का झाड़ू सबका सूपड़ा साफ करने के लिये पर्याप्त है। गठबंधन की पलामू से लोकसभा प्रत्याशी ममता भूईया के समर्थन में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का फोटो, बैनर में चुनाव चिन्ह छाप नहीं देखकर आक्रोशित थे। श्री तिवारी ने कहा कि गठबंधन धर्म का पालन कर लोकतंत्र की स्वतंत्रता छिनने वालों के खिलाफ हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने बिगूल फूंका है।

# वीडी राम ने मांगा मतदाताओं का समर्थन

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने सोमवार को पाटन प्रखंड के गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार भी उनके साथ थे। भाजपा प्रत्याशी विधायक व उनके समर्थकों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताते हुये मतदाताओं से अपने लिये समर्थन मांगा। भाजपा प्रत्याशी के कार्यों से कई गांव में संतुष्ट दिख रहे मतदाताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कई गांव में ग्रामीणों ने संसद व विधायक के पहुंचते ही जय भाजपा विजय भाजपा तय भाजपा, अबकी बार मोदी सरकार 400 पार का नारा के साथ ही नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बीजेपी जिंदाबाद, विष्णु दयाल राम जिंदाबाद आदि के भी नारे लगा रहे थे। भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम, विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कई गांव में कार्यकताओं के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की।

## ऐतिहासिक होगा वीडी राम का नॉमिनेशन : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर :** शहर के व्यवसायियों ने जहां एक और शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू कर ली है। वहीं दूसरी ओर व्यवसायियों ने बीजेपी कैंडिडेट वीडी राम को अपार बहुमत से जिताकर तीसरी बार लोकसभा में भेजने का फैसला कर लिया है। शहर के व्यवसायियों के साथ बैठक करते हुये चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा जहां देश के विकास के लिये प्रधानमंत्री के रूप में एक बार फिर पूरा भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं उनके हाथों को मजबूत करने के लिये पूरे देशवासियों ने भाजपा के 400 सांसदों से भी ज्यादा जीताने का संकल्प ले लिया है। श्री शंकर ने कहा 24 तारीख को श्री राम का नॉमिनेशन ऐतिहासिक होने जा रहा जिसमें शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसायी प्रमुखता से हिस्सा लेंगे।

## माइंस में खाना बना रहे युवक पर चाकू से हमला, गंभीर

**मेदिनीनगर :** पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार गांव में रविवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे तीन युवकों ने मिलकर माइंस में खाना बना रहे एक युवक को चाकू मारकर अधमरा कर दिया। युवक के पीठ पर चाकू से हमला किया गया है। हमला करने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गये हैं। इधर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों ने आसेहार चौक को जाम कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी। घायल युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आसेहार निवासी 24 वर्षीय सूरज कुमार चंद्रवंशी गांव के ही कुमार सौरभ स्टोन माइंस में खाना बनाने का काम करता है। रविवार को भी माइंस में खाना बना रहा था। इस दौरान गांव के ही नईम खलीफा समेत दो अन्य युवक माइंस में घुसकर सूरज के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। सूरज कुमार चंद्रवंशी द्वारा शोर मचाने के बाद तीनों युवक मौके से भाग निकले।

### विश्व पृथ्वी दिवस के मुख्य अतिथि कौशल किशोर जायसवाल ने कहा

# प्रकृति से केवल लेना ही नहीं, देना भी सीखें

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजू रजक व पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। श्री जायसवाल ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर हिन्डालको ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने नहीं कुछ देने की परंपरा को विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे 1967 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करते रहे हैं और पौधारोपण एवं वितरण करने की मुहिम चला रहे हैं। कौशल ने कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। श्री रजक ने कहा कि आने वाले भविष्य के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिये पौधारोपण और वनों को बचाने की जरूरत है। श्री मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि जब तक सामूहिक भागीदारी नहीं होगी तब तक पर्यावरण का संरक्षण संभव नहीं है। मौके पर माइंस के सस्टिबिनीलीटी हेड दीपनारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक पाठक, अरुण तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, रेणु देवी, अजय मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।



## राजग गठबंधन की बैठक में वीडी राम को भारी बहुमत से जीताने का निर्णय

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को राजग गठबंधन (एनडीए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा दिल्ली संसद में भेजने का निर्णय लिया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि राजग गठबंधन पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। राजग के कार्यकर्ता में भारी उत्साह है। अबकी बार 400 पार के नारा को साकार करने में गठबंधन मजबूती के साथ लगा हुआ है। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गढ़वा में राजग गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में मिलजुल कर कार्य करेंगे। आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि गठबंधन में आजसू पूरे तन, मन से राजग के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीतने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, सूरज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, राजीव रंजन तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, राजकुमार मद्धेशिया, त्रिपुरारी सिंह, विजय ठाकुर, रीता देवी, कुंदन चंद्रवंशी, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, गुप्तेश्वर ठाकुर, चंपा देवी, नंदू ठाकुर, रवींद्रनाथ शर्मा, संतोष केशरी, दशरथ चौधरी, इश्तियाक रजा, अजय केशरी, राजू प्रसाद, उमाकांत तिवारी, आशीष कुमार, इंदल बैठा, लाल मोहम्मद अंसारी, विनय गुप्ता, रविंद्र नाथ ठाकुर, बिट्टू जायसवाल, दीनदयाल पासवान, विनीत तिग्गा हमीदुल्लाह अंसारी, संजय शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### न्यूज अपडेट्स

## बिल्डिंग में लगी आग, कई दुकानें चपेट में

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर बाजार स्थित राजधानी बिल्डिंग में सोमवार को आग लग गई। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने के लिये अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां लगी हुई थी फिर भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। जानकारी के अनुसार सबसे पहले आग राजधानी बिल्डिंग के पहला तल्ला स्थित न्यू इंडिया एंशोरेंस कंपनी के ऑफिस में लगी। जब तक लोग उस जगह को खाली करते तब तक आग की लपटों ने दिल्ली क्लॉथ एवं कुछ अन्य कपड़ा गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा से आग काफी तेजी से फैल गयी। खबर मिलते ही दो दमकल की गाड़ियां और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गये हैं। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य जारी था। वह इस घटना में कई कंपनियों के समान कार्यालय के कागजात समेत अन्य जरूरी सामग्री जलकर राख हो गये हैं। आग बुझाने के बाद ही नुकसान का आकलन किया जा सकता है।

**चुनाव** गढ़वा डीसी ने की कड़ी कार्रवाई

# शस्त्र जमा नहीं करने वाले 35 लोगों के लाईसेंस रद्द

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर के आदेश का उल्लंघन करने वाले 35 अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र का लाईसेंस रद्द कर दिया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय की अनुशंसा पर डीसी ने यह कार्रवाई करते हुये 35 लोगों का लाईसेंस रद्द कर दिया है। जानकारी देते हुये डीसी शेखर जमुआर ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गढ़वा जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत गढ़वा जिले में स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न करने के लिये निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के सभी निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना अथवा गन हाउस में जमा करने का आदेश जारी किया गया था। किंतु आदेश के बावजूद कुछ अनुज्ञप्ति धारी द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया गया। तत्पश्चात आर्म्स एक्ट 1959 तथा आर्म्स रूल 2016 का उल्लंघन के मामले में एसपी ने ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा की थी। उक्त अनुशंसा के आलोक में आर्म्स एक्ट की धारा 173 (बी) के तहत ऐसे कुल 35 अनुज्ञप्तिधारियों का लाईसेंस रद्द कर दिया गया है।

### इन लोगों का लाईसेंस हुआ रद्द

जिन लोगों का लाईसेंस रद्द किया गया है उनमें मुख्य रूप से सुनील कुमार उपाध्याय, विनय पांडेय, गोपाल कृष्ण चौबे, प्रदीप कुमार महतो, मो रशिद खान, नागेंद्र प्रसाद केशरी, संजय कुमार उपाध्याय, जयप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, केश्वर तिवारी, नागेन्द्र नाथ धर दुबे, जय किशोर शुक्ला, राजेश्वर तिवारी, द्वारिका प्रसाद केशरी, प्रभाकर चौबे, अनीता देवी, डॉ जितेंद्र सिन्हा, मो शरीफ, रंगनाथ पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद मेहता, सुनील पांडेय, बलेंद्र कुमार सिंह, जयराम महतो, राम विनय सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, नीलम प्रताप देव, राजमणि प्रताप देव, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, सूरजमणी सिंह, कंचन मणी सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, अजय कुमार चंद्रवंशी, बाबूराम शुभम सिंह, गिरिवर पांडेय, मो असलम अंसारी के नाम शामिल हैं।

## देशी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार



**भवनाथपुर :** लोकसभा चुनाव से पूर्व भवनाथपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के सिंदुरिया निवासी आलोक साव पिता स्व बैजनाथ साव है। इसकी जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने सोमवार को भवनाथपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि आसन लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना पर रविवार की रात सिंदुरिया निवासी अलोक साव 30 वर्ष को दो देशी लोडेड कट्टा व कुल पांच राउंड जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि उक्त अपराधी के विरुद्ध थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि परवेज आलम, पुटुल कुमार, विश्वजीत कुमार सिंह, चंद्रमणी राम, इंद्रकुमार मंडल शामिल थे। मौके पर पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार वीर, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौजूद थे।

## घर में गैस सिलेंडर से लगी आग



**भवनाथपुर :** कपूरी चौक स्थित तालाब के समीप सोमवार की सुबह एक घर में गैस सिलेंडर से आग लग गई। इस अगलगी की घटना में घर में रखा हुआ फर्नीचर, नगदी एवं किराना का सामान सहित करीब एक लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में पीड़िता रेणु कुंअर पति स्व अनिल साह ने बताया कि मेरा छोटा पुत्र सुबह गैस चूल्हा पर अंडा उबाल रहा था, उसी दौरान गैस सिलेंडर के पास बिक्री के लिये जरकिन में रखे पेट्रोल में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गयी। आग से घर के अंदर रखा हुआ किराना का सामान, दो पलंग, कूलर, मोटर पंप, कुर्सी, 10 हजार रुपए नगद सहित करीब एक लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। अगलगी की घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पंसस चंदन ठाकुर पीड़िता के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा सीओ से मिलकर अगलगी की घटना की जांचोपरांत मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव में रविवार की देर शाम में एक युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिव कुमार बैठा की पुत्री पारो कुमारी 14 वर्ष की शव अपने ही घर में फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। परिजनों के अनुसार मृतक के माता पिता दोनों एक शादी समारोह में भवनाथपुर गये थे। घर में दो बहन थी, छोटी बहन घर के बगल में एक शादी समारोह में गई थी। देर शाम में वापस आने के बाद घर का दरवाजा खोलने के लिये प्रयास किया। लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। बहुत हो हल्ला करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने अगल-बगल के लोगों को सूचना दी।आसपास के लोग वहां पहुंचकर दरवाजा तोड़कर देखे तो पारो फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। उसकी स्थिति को देख कर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के आने के बाद गांव वालों ने हत्या का मामला बताते हुये खोजी कुत्ते को बुलाने की मांग करने लगे, पुलिस के समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुये। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि यह मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। परंतु गहनता से मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## आश्रम में खुली पनशाला

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** शहर के गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में सोमवार को पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला का शुभारंभ आश्रम के प्रधान पुजारी सुशील कुमार सिन्हा ने अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम एवं गुरु पद संभव राम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों एवं राहगीरों के बीच प्रसाद वितरित कर पानी पिलाया गया।मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि मानव मात्र की सेवा करना हम सबों का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को उचित स्थान पर बैठकर जलपान करने की व्यवस्था की गई है। श्री देव ने कहा कि हम सबको जितना बन सके उतना इस भीषण गर्मी में मानव मात्र की सेवा करने के लिये आगे आना चाहिये। उन्होंने कहा कि मनुष्यों के साथ-साथ पशु पक्षी के लिये भी उपयुक्त जल की व्यवस्था शाखा की ओर से की जाती है। आश्रम का पूरा परिसर सालों भर पक्षियों के चहचहाने से गुंजता रहता है। मौके पर शाखा के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद जायसवाल, राजेन्द्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, सात घंटे सड़क जाम

बंशीधर न्यूज



**सगमा :** धुरकी-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर घघरी गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाईक सवार 23 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। उधर घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने धुरकी-बिलासपुर मार्ग को 7 घंटे तक जाम रखा। जानकारी के अनुसार पुतुर गांव निवासी चन्द्रिका यादव का 23 वर्षीय पुत्र राकेश यादव कदवा गांव में अपने मामा के घर विवाह समारोह में गया था और वह सुबह वहां से लौट रहा था। इसी दौरान घघरी में वह ट्रैक्टर की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक राकेश के छोटे भाई का शादी होने वाली थी और आज ही घर से बारात निकलना था। लेकिन बारात से पहले अर्थी निकलने से मृतक के घर में दुखों का पहाड़ टुट पड़ा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## पृथ्वी मां की ममता के आंचल में नर-नारी के जीवन की रचना होती है : निदेशक

# ज्ञान निकेतन प्लस टू कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन प्लस टू कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने दीप जलाकर किया। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये निदेशक श्री केशरी ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जिसे प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिक सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से 1992 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 22 अप्रैल को अधिकारिक तौर पर विश्व पृथ्वी दिवस घोषित किया। विश्व पृथ्वी दिवस एक ऐसा दिवस है जिस दिन दुनिया भर में पृथ्वी और उसके पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाता है। पृथ्वी हमारी मां है, जिसकी ममता के आंचल में हर नर-नारी के जीवन की रचना होती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का समान रूप से जिम्मेदारी है। पृथ्वी जितनी ही समृद्ध रहेगी प्रकृति उतना ही प्रसन्न रहेगा। मानवीय क्रियाकलापों के कारण धरती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी समय है चेतने और सुधरने का, नहीं तो संकट इतना गंभीर हो जायेगा कि उससे निबटना मुश्किल हो जायेगा। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, खुशीद आलम, मुकेश भारती, वीरेन्द्र कुमार, अभिषेक पाण्डेय, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाहीन, संजीव कुमार, सरिता दुबे सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।






# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को हेलीपैड का भाड़ा को अलग-अलग जिले के अलग-अलग दर पर लेने के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति गुरविंदर सिंह शेट्टी, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा शामिल थे।

राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार या नामांकन में जाने के लिए प्रशासन से हेलीपैड किराये पर लेते हैं, गुमला में जब भाजपा की टीम अपने नेताओं के लिए हेलीपैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा करने का तुगलकी फरमान जारी किया। अभी झारखंड में कहीं भी 53400 भाड़ा नहीं है। सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है। गुमला प्रशासन की मनमानी को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेकर तत्काल सभी उपायुक्त को पत्र लिख कर सभी हेलीपैड का दर सूची चुनाव आयोग द्वारा मंगाया गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार आज हर मोड़ पर प्रशासन अपना रंग दिखा रहा है उससे ये लग रहा है की स्थानीय प्रशासन अब चुनाव आयोग का नियम कानून को नहीं मानने का मूड बना चुके हैं। बिना चुनाव आयोग के निर्देश पर हाल ही में पलामू में शिवाजी मैदान के लिए जबरदस्ती प्रशासन द्वारा भाजपा से 92000 जमा कराया था।



## माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया चुनाव का प्रशिक्षण



**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा सोमवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में 54 माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप ने उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कोषांग के मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध दिया गया।

## संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत : सुदेश



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुंच है। इस पहुंच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

सुदेश कुमार महतो सोमवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक में बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। महतो ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा प्रभावी चेहरा है तो दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है। हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। महतो ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकताओं की अहम भूमिका है।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का हो रहा जबरदस्त विरोध



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट से अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध बदस्तूर जारी है। सोमवार को आदिवासी मुलवासी के बैनर तले झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का पुतला बिनोद बिहारी चौक पर दहन किया गया। पुतला दहन कर विरोध जता रहे ने गणपद महतो ने कहा कि राहुल गांधी सामाजिक न्याय यात्रा तो जरूर निकालते है, लेकिन चुनाव के समय स्थानीय को मौका न देकर बाहरी को प्रत्याशी के रूप में खड़ा कर देते है। अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धनबाद की जनता को वोट बैंक समझ रखा है। आदिवासी मुलवासी कांग्रेस के इस फैसले का कड़ा विरोध करती है और मांग करती है कि धनबाद लोकसभा सीट के लिए स्थानिय को उम्मीदवार बनाए।

# भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद लोकसभा सीट पर लड़ेगा चुनाव : सरयू



**धनबाद।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है। सोमवार को सरयू राय प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

सरयू राय ने इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही उन्हें सजा हुई है। जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसएसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दाखिल किया था, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराओं वाले भी केस दर्ज हैं, जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

वहीं सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीता था। यदि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है। सरयू राय हाल के दिनों में बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के उपर हमलावर दिखे हैं।

## डीआरओ न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की करें समीक्षा : रवि कुमार



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। पदाधिकारी मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में विकसित करें। मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए उन्हें मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें।

रवि कुमार ने यह बात शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिलों धनबाद, बोकारो, रांची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान कही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढिया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरुकता फैलाने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया।

रवि कुमार ने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत-प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। रवि कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अर्हता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत-प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)